Daily Current Affairs 0 November 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. जोधपुर में भारत और फ्राँस के बीच वायु गरुड़ अभ्यास किया जा रहा आयोजित
• 26 अक्टूबर से 12 नवंबर, 2022 तक भारतीय वायु सेना और फ्राँसीसी वायु तथा अंतरिक्ष बल (FASF) जोधपुर वायु सेना स्टेशन पर 'गरुड़ VII' नामक एक द्विपक्षीय अभ्यास में भाग ले रहे हैं। भारत चौथी बार इसकी मेज़बानी कर रहा है। गरुड़ VII भारत और फ्राँस के बीच द्विपक्षीय अभ्यास का सातवाँ संस्करण है, जो दो वर्ष के अंतराल पर हो रहा है। पहला, तीसरा और पाँचवाँ संस्करण भारत में क्रमशः वर्ष 2003, 2006 और 2014 में वायु सेना स्टेशनों ग्वालियर, कलाईकुंडा और जोधपुर में आयोजित किये गए थे।

2. WHO ने जारी की ग्लोबल टीबी रिपोर्ट 2022
• हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने ग्लोबल टीबी रिपोर्ट 2022 जारी की है। इसमें दुनिया भर में तपेदिक/क्षयरोग (TB) के निदान, उपचार और बीमारी के बोझ पर कोविड-19 महामारी के प्रभाव को बताया गया है। वर्ष 2022 की रिपोर्ट में WHO के सभी 194 सदस्य राज्यों सहित 215 देशों और क्षेत्रों से बीमारी के रुझान और महामारी की प्रतिक्रिया पर डेटा शामिल है।
• वर्ष 2021 में दुनिया भर में लगभग 6 मिलियन लोगों के क्षयरोग का निदान किया गया था, जो वर्ष 2020 की तुलना में 4.5% अधिक था, जबकि इस बीमारी से पीड़ित 1.6 मिलियन रोगियों की मृत्यु हो गई थी।

3. भारत ने संयुक्त राष्ट्र की आतंकवाद निरोधक समिति की अध्यक्षता की
• 28-29 अक्टूबर, 2022 को नई दिल्ली में भारत ने वर्तमान आतंकवाद में क्रिप्टो- करेंसी और ड्रोन के उपयोग के माध्यम से आतंक-वित्तपोषण पर चर्चा करने के लिये संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद निरोधक समिति (UNSC-CTC) की एक विशेष बैठक की मेज़बानी की है। वर्ष 2001 में यूएनएससी-सीटीसी की स्थापना के बाद से भारत में इस तरह की यह पहली बैठक है।
• संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि (रुचिरा कंबोज) वर्ष 2022 के लिये सीटीसी की अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। इस बैठक की थीम 'आतंकवादी उद्देश्यों के लिये नई और उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग का मुकाबला करना' है।

4. लखनऊ में स्थापित की गई एशिया की पहली पैथोजेन रिडक्शन मशीन
• 27 अक्टूबर, 2022 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (KJMU) में थोरेसिक सर्जरी और वेस्कुलर सर्जरी विभाग के साथ ट्रांसफ्यूज़न मेडिसिन विभाग में एशिया की पहली पैथोजेन रिडक्शन मशीन का शुभारंभ किया। उल्लेखनीय है कि रक्त की अनेक अशुद्धियाँ ऐसी होती हैं, जो अधिसंख्य जाँचों में पकड़ में नहीं आती हैं और इस अशुद्ध रक्त के किसी मरीज़ को चढ़ाए जाने पर उसे सेप्सिस जैसे संक्रमण हो सकते हैं।

5. केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ने नई दिल्ली में किया सरस फूड फेस्टिवल 2022 का उद्घाटन
• 28 अक्टूबर से 10 नवंबर, 2022 तक ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में सरस फूड फेस्टिवल 2022 का आयोजन किया जा रहा है। 28 अक्टूबर को केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने सरस फूड फेस्टिवल 2022 का उद्घाटन किया है। स्वाद और V और अधिक प्रभावी विपणन के लिए ई-कॉमर्स पोर्टल का भी शुभारंभ किया गया।
• सरकार द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित सामानों की कुल बिक्री का कम से कम 25% सालाना ई-कॉमर्स पोर्टल के माध्यम से करने का प्रयास किया जा रहा है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन' के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की महिलाएँ इस उत्सव में भाग ले रही हैं।

Daily Current Affairs 0 November 2022

6 भारत ने सुल्तान जोहोर हॉकी कप 2022 का खिताब जीता
• 29 अक्टूबर, 2022 को भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलियाई टीम को पेनल्टी शूट आउट में हराकर सुल्तान जोहोर हॉकी कप 2022 खिताब जीता है। भारत ने तीसरी बार सुल्तान जोहोर हॉकी कप खिताब जीता है। इससे पहले भारत ने वर्ष 2013 और 2014 में यह टूर्नामेंट जीता था। सुल्तान जौहर कप 2022 का आयोजन 22 से 29 अक्टूबर, 2022 तक मलेशिया के जोहर बाहरू में हुआ था।

7. केरल ने 'महिला अनुकूल पर्यटन' परियोजना की शुरू
• हाल ही में केरल राज्य पर्यटन विभाग ने महिलाओं के लिए सुरक्षित और स्वच्छ स्थलों को सुनिश्चित करने के लिए 'महिला-अनुकूल पर्यटन' परियोजना शुरू की है। सभी महिला टूर पैकेज जिसमें भोजन, आवास, परिवहन और सामुदायिक गाइड शामिल हैं, को महिलाओं द्वारा नियंत्रित और संचालित किया जाएगा।
• केरल पहले से ही महिला पर्यटकों के लिए सबसे सुरक्षित गंतव्य के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त कर चुका है। परियोजना को लागू करते समय महिलाओं की जरूरतों को पूरा करने वाला एक सुरक्षित, विश्वसनीय और स्वच्छ बुनियादी ढांचा बनाना महत्वपूर्ण है।

Resultuniraj.co.in